


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 04 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 69 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# अंतिम दिन दलों ने झोंकी ताकत



## बिहार विधानसभा चुनाव

● तेजस्वी ने किया बड़ा ऐलान हर महिला के खाते में 30 हजार

**पटना।** बिहार चुनाव के पहले चरण का प्रचार आज थम जाएगा, इससे पहले बिहार में दोनों ही गठबंधन के तमाम बड़े नेताओं की सभा होनी है, जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। आज सभी प्रत्याशी मतदाताओं को अपनी ओर खींचने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर को है। ऐसे में आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। जिसके चलते सभी पार्टियां अपनी पूरी ताकत झोंकने में जुटी हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार की महिलाओं से संवाद किया। इसके अलावा बिहार में गृहमंत्री अमित शाह, एलओपी, राहुल गांधी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ समेत तमाम बड़े नेताओं की सभा हुई। सभी नेताओं ने अपनी पार्टी की जीत का दावा किया और एक-दूसरे के खिलाफ तीखी भाषणबाजी की गयी। वहीं मुख्यमंत्री पद के महागठबंधन प्रत्याशी तेजस्वी यादव ने मंगलवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा ऐलान किया। मतदान से ठीक दो दिन पहले उन्होंने महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों को साधने वाला मास्टर स्ट्रोक फेंका। तेजस्वी ने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो 'माई बहिन योजना' के तहत महिलाओं को एक साल की पूरी राशि यानी 30 हजार रुपये एकमुश्त उनके खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने कहा, 'सरकार बनने के बाद 14 जनवरी को हमारी सरकार माता बहनों के खाते में एक साल का पूरा पैसा डाल देगी।' तेजस्वी ने साथ ही सरकारी कर्मचारियों के लिए भी बड़ा वादा किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की पोस्टिंग गृह जिले से अधिकतम 70 किलोमीटर की दूरी पर की जाएगी, ताकि उन्हें अपने परिवार से दूर रहकर परेशानी न उठानी पड़े।

### भाजपा के पूर्व मंत्री ने एनडीए पर लगाया घोटाले का आरोप

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो पहले यानी आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद आरके सिंह ने अपनी ही सरकार पर बड़ा आरोप लगा दिया है। यह आरोप भ्रष्टाचार को लेकर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि बहुत बड़ा घपला हुआ है। एनडीए सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक एग्रीमेंट साइन किया है। इसमें कहा गया कि 25 साल तक बिहार सरकार 6 रुपये 75 पैसे के हिसाब से अदाणी समूह से पावर खरीदेगी। अदाणी पावर लिमिटेड को जो जमीन दिया गया है और जिस रेट पर बिहार के लोगों को पर यूनिट बिजली मिलेगी में उसमें 62 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। इसका खामियाजा सीधे-सीधे बिहार की जनता को भुगतना पड़ेगा।

### सोने में निरन्तर गिरावट जारी, चांदी का भी मिजाज ठिकाने पर आया

**नई दिल्ली।** सोने के भाव में निरन्तर गिरावट जारी है। आज मंगलवार को सोने में गिरावट देखी जा रही है। वहीं चांदी के भाव में भी कमी आयी है। शादी का सीजन नजदीक है। एमसीएक्स में सुबह 9.48 बजे 10 ग्राम सोने की कीमत 120,752 रुपये दर्ज की गयी। इसमें 657 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट है। सोने ने अब तक 119,801 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 120,970 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। वहीं एमसीएक्स में सुबह 9.53 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 146,910 रुपये चल रहा है। इसमें 848 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। चांदी ने अब तक 146,000 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 147,230 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है।

### 22 बच्चों की मौत के मामले में आरोपी डॉक्टर की पत्नी गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा।** 22 मासूमों की जान लेने वाले जहरीले कफ सिरप कांड में लंबे समय से फरार चल रही सहआरोपी ज्योति सोनी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गई। आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की पत्नी ज्योति पर साक्ष्य छिपाने और अपराध में सहयोग करने का आरोप है। वह परासिया में अपना मेडिकल स्टोर संचालित करती थी। एसआईटी टीम ने परासिया से उसे गिरफ्तार किया है। डीएसपी जितेंद्र जाट ने बताया कि फरारी के दौरान ज्योति सोनी बैंगलौर और बनारस में छिपी रही। इसी दौरान उसने जबलपुर हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत के प्रयास भी किए थे। सूचना मिलने पर एसआईटी ने परासिया में दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## पूरा परिवार खत्म, कोई नहीं बचा

● तेज रफ्तार ट्रक ने मार दी कार को टक्कर, 8 लोगों की चली गयी जान



**बाराबंकी।** बाराबंकी में बेकाबू अर्टिगा और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें ज्वेलर, उनकी पत्नी और उनके दो बेटे शामिल हैं। कार सवार बिठूर से गंगा स्नान करके लौट रहे थे। हादसा इतना भयानक था कि 14 फीट की कार सिमटकर 7 फीट की हो गई। गाड़ी में आगे बैठे लोगों के शव सीट से चिपक गए। अगले हिस्से को काटकर शवों के टुकड़ों को निकाला गया। पीछे बैठे लोगों का हाल भी बहुत बुरा था। हादसा सोमवार देर रात देवा में कुतलूपुर गांव के पास हुआ। दो घायलों इंद्र कुमार (50) और विष्णु (15) को लखनऊ लाया गया था, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रदीप फतेहपुर कस्बे के मोहल्ला मुंशीगंज में 'गौरी ज्वेलर्स' के नाम से दुकान चलाते थे। घटना में उनके घर में कोई नहीं बचा है। ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। सामने से आ रही अर्टिगा का ड्राइवर गाड़ी को संभाल नहीं पाया। गाड़ी सीधे ट्रक से टकरा गई। ऐसा लगा जैसे कोई भयानक बम फटा हो।

## फिर बस हादसा
### 70 से अधिक घायल

**कतरास/राजगंज (धनबाद)।** सोमवार की देर रात जामताड़ा से बोकारो के लगुबुरु घंटाबाड़ी के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी तीन बसें राजगंज के चालीबंगला स्थित वन विभाग के कार्यालय के समीप आपस में टकरा गईं। इस भीषण सड़क दुर्घटना में 70 से अधिक महिला-पुरुष घायल हो गए। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा गया। अन्य मामूली रूप से घायल एवं बचे हुए लोग फिलहाल स्थानीय एक पेट्रोल पंप पर आश्रय लिए हुए हैं। यह दुर्घटना देर रात करीब 12 बजे घटी।

## मणिपुर में उग्रवादियों ने सेना पर चलायी गोली

● तलाशी अभियान जारी

### जवाबी कार्रवाई चार मारे गए


**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में मंगलवार तड़के सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार उग्रवादी मारे गए। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। यूकेएनए एक गैर-एसओओ (Suspension of Operation) उग्रवादी संगठन है। हाल के दिनों में इस संगठन की तरफ से कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिनमें एक गांव प्रमुख की हत्या, स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने और क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास शामिल थे। इसके बाद ही सेना की तरफ से यह कार्रवाई की गई। सेना और असम राइफल्स ने बयान में कहा है कि यह ऑपरेशन क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने तथा नागरिकों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आसपास के इलाकों में तलाशी जारी है।

### राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित, जितेश कप्तान वैभव-प्रियांश को भी मौका

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने आगामी राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 के लिए भारत ए टीम की घोषणा कर दी है। जितेश शर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी और आईपीएल स्टार प्रियांश आर्या को टीम में जगह मिली है। यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर तक दोहा (कतर) में खेला जाएगा। भारतीय टीम को ग्रुप बी में रखा गया है, जिसमें ओमान, यूएई और पाकिस्तान की टीमें भी शामिल हैं। वहीं ग्रुप ए में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हॉन्गकॉन्ग की टीमें शामिल हैं। जितेश शर्मा, जो फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के साथ पांच मैचों की टी20 सीरीज खेल रहे हैं, अब एशिया कप में भारत ए की अगुआई करेंगे। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की खिताब विजेता टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं और कप्तानी भी संभाल चुके हैं। जितेश ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 में 22 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई थी। उनके अनुभव और नेतृत्व से युवा खिलाड़ियों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो केसों के दुरुपयोग पर जताई चिंता

● कुछ राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों ने अभी तक इस मुद्दे पर अपनी राय नहीं दी




### 2 दिसंबर तक टाल दी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण (अधिनियम पॉक्सो कानून) का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। अदालत ने देखा कि इस कानून का उपयोग कई बार पति-पत्नी के झगड़ों या किशोर-किशोरी के आपसी सहमति वाले संबंधों में किया जा रहा है, जो कानून की असली भावना के खिलाफ है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में मांग की गई है कि लोगों को दुष्कर्म और पॉक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित बने। इस सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, 'हम यह देख रहे हैं कि कई बार पॉक्सो एक्ट का इस्तेमाल झगड़ों या किशोरों के आपसी संबंधों में गलत तरीके से किया जा रहा है। इसलिए जरूरी है कि लड़कों और पुरुषों में इस कानून की जानकारी और समझ बढ़ाई जाए।' सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 2 दिसंबर तक टाल दी है, क्योंकि कुछ राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों ने अभी तक इस मुद्दे पर अपनी राय नहीं दी है। पहले, अदालत ने केंद्र सरकार, शिक्षा मंत्रालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा ने अदालत से कहा कि लोगों को यह बताया जाना जरूरी है कि निर्भया कांड के बाद दुष्कर्म से जुड़े कानूनों में क्या बदलाव हुए हैं।

### यूपी में एसआईआर की आज से 7 फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की पात्रता तिथि एक जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चार नवंबर से चार दिसंबर तक गणना प्रपत्र घर-घर वितरित किए जाएंगे। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि नौ दिसंबर से आठ जनवरी तक रखी गई है। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, सुधार करवाने या किसी नाम को हटाने के लिए आवेदन किया जा सकेगा। मतदाता भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल (http://voters.eci.gov.in) या फिर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पोर्टल (https://ceouttarpradesh.nic.in) पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची में आप अपना नाम देख सकते हैं। स्वयं का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में न होने की स्थिति में अपने संबंधी का नाम यदि उसमें है तो उसका विवरण भी स्वयं या फिर बीएलओ की सहायता से गणना प्रपत्र पर भरा जा सकता है।



## अपनी ही पार्टी की जड़ खोद रहे थरूर

● कांग्रेसी सांसद ने अपने लेख में नेहरू-गांधी परिवार का नाम लेकर वंशवादी राजनीति का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा वंशवादी राजनीति को लेकर की गई टिप्पणी पर हंगामा हो गया है। थरूर ने एक अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन प्रोजेक्ट सिंडिकेट में लिखे अपने लेख में कहा- भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है। जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा। थरूर ने 'Indian Politics Are a Family Business' लेख में लिखा- यह समय है, जब भारत को वंशवाद (परिवारवाद) छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए। थरूर ने अपने लेख में नेहरू-गांधी परिवार को भारत का सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार बताया। उन्होंने लिखा कि इस परिवार की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है। जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया। ओडिशा में नवीन पटनायक, महाराष्ट्र में उद्धव और आदित्य ठाकरे, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह और अखिलेश यादव, बिहार में रामविलास और चिराग पासवान, पंजाब में प्रकाश सिंह और सुखबीर बादल, तेलंगाना में केसीआर के बेटे और बेटी के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई के साथ ही तमिलनाडु में करुणानिधि और उनके बेटे एमके स्टालिन के परिवार का जिक्र किया।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम : 23.8°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 05.45
● सूर्यास्त : 05.26

वाराणसी, 04 नवम्बर, मंगलवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





# जर्रे-जर्रे को चमकाने की क़वायद

## बाबतपुर से लेकर बरेका तक का सुन्दरीकरण, लगाए गए सैकड़ों मजदूर



**● स्ट्रीट पोल पर हो रही तिरंगी लाइटिंग**

**● बरेका में बन रहा तीन हेलिपैड**

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय दौरे को ध्यान में रखकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाबतपुर से लेकर बरेका तक के रूट को दुरुस्त किया जा रहा है। लगातार अधिकारियों का निरीक्षण और भ्रमण चल रहा है। बरेका के खेल मैदान में तीन हेलिपैड बनाने का काम शुरू हो गया है। यहां तीन ट्रैक्टर ईंट के साथ 50 से अधिक मजदूर मैदान को समतल करने में जुटे हैं। पीडब्ल्यूडी की देखरेख में यहां हेलिपैड बन रहा है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बनारस रेलवे स्टेशन से लेकर बरेका तक तैयारियां शुरू हो गईं हैं। इसके लिए बरेका में हेलीपैड और बनारस स्टेशन पर साज-सज्जा शुरू हो गई है। बरेका परिसर स्थित सिनेमा हाल के पीछे स्थित खेल मैदान में तीन हेलीपैड बनाए जा रहे हैं। अंडरपास, गेस्ट हाउस सभी जगहों पर प्रधानमंत्री के अगवानी की तैयारी जमकर हो रही है। सिनेमा हाल मैदान के प्रमुख द्वार को रंग-रोगन कर मैदान में तीन पक्के हेलीपैड तेजी से बनाए जा रहे हैं। बनारस रेलवे स्टेशन के परिसर की सड़क, बनारस रेलवे स्टेशन के नाम का बोर्ड सबको ठीक किया जा रहा है। रंग-रोगन संग सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो रही है। इधर प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बनारस रेलवे स्टेशन व बीएलडब्लू में सुरक्षा की तैयारियां तेज कर दी है। ककरमत्ता आरओबी के स्ट्रील पोल पर तिरंगी लाइटिंग लगाई जा रही है। सभी स्ट्रीट पोलों को चेक किया जा रहा है। जहां कम लाइटिंग है वहां तेज लाइटिंग लगाई जा रही है। कई जगहों पर हाईमास्ट भी लगाए गए। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पांच से छह लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। प्रधानमंत्री के गेस्ट हाउस में रात रुकने पर यहां मार्ग को सील कर दिया जाएगा। साथ ही वैकल्पिक मार्ग के लिए रूट डायवर्ट किया जाएगा। बरेका के अलावा आसपास के एरिया को सी-सीटीवी कैमरों से लैस किया जा रहा है। सभी होटल, धर्मशाला तथा लाज में आने वाले विजिटर्स की पुलिस ने जानकारी मंगाई गई है।

### ट्रेन में बच्चों से करेंगे संवाद

वाराणसी-खजुराहो ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के दौरान प्रधानमंत्री ट्रेन की एक बोगी में सवार स्कूलों के चयनित बच्चों से संवाद करेंगे। सूत्र बताते हैं कि ट्रेन खजुराहो जाएगी और वहां दो घंटे रुक कर वापस वाराणसी आएगी। प्रधानमंत्री द्वारा बनारस स्टेशन से चार ट्रेनों का हरी झंडी दिखाने के दौरान काशीवासी भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लोगों के बैठने की व्यवस्था प्लेटफार्म नंबर सात और छह पर होगी।

### गेस्ट हाउस के कमरा नं 12 और 13 सजाए जा रहे

रात्रि विश्राम के मद्देनजर गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 12 व 13 को सजाया जा रहा है। सोमवार की रात्रि में एएसपीजी के साथ डीआरएम भी डटे रहे। बनारस स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर लगी एक्सरे मशीन हटाई गई है। बरेका परिसर के अंडरपास, हेलिपैड मैदान और गेस्ट हाउस सभी जगहों पर प्रधानमंत्री के अगवानी की तैयारी जमकर हो रही है। सिनेमा हॉल मैदान के प्रमुख द्वार का रंग-रोगन कर दिया गया है।

### कार्यकर्ताओं की बन रही सूची, पीएम को दिखाने के लिए तैयार किया जा रहा प्रोजेक्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात नवंबर को बरेका में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। संगठन की ओर से पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की एक सूची भी तैयार की जा रही है। प्रधानमंत्री बिहार चुनाव पर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। इसके अलावा जिले के अफसर महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जैसे रोपवे और स्टेडियम समेत अन्य प्रोजेक्ट की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री इन प्रोजेक्ट की जानकारी लेंगे।



### नेह की बाती जगमग

धूप गुनगुनी, हल्की सिहरन,
चढ़ा कार्तिक मास,
तुलसी-पूजा, देव-दिवाली
लेकर आया खास़,
राास सतरंगी साजे ॥

शालिग्राम का रूप धर,
वृंदा के घर आय,
तुलसी का परिणय हुआ,
छुपा जलंधर जाय,
मिटा सारा अंधियारा॥

लहरों पर दीया तिरे,
चौबारे पर दीप,
तट की रेती में उगे
मोती वाले सीप,
चलो, अंजुरी में भर लें॥

घाट रंगोली से सजे,
उज्ज्वल गंगा -धार,
गगनदीप जलने लगे,
चहुंमुख है उजियार,
हो रही बम-बम काशी॥

अनगिन दीपों का किया
देवों ने जब दान,
हुलसी कार्तिक पूर्णिमा,
शंखनाद की तान,
डिमक डिम डमरू बाजे॥

थिरक उठे आकाश में
बादल किरणों -संग,
धरती फूलों से पटी,
हवा लगे मृदंग,
धूप करती अठखेली॥

पंथ प्रकाशित पितृ का,
श्रद्धा के कंदील,
स्मृतियों के राग से
झिलमिल मन की झील,
नेह की बाती जग-मग॥

**डॉ. एस. बाला**

### श्याम महोत्सव में बहेगी भजनों की रसधार



**वाराणसी।** 42 वां श्री श्याम महोत्सव आगामी 9नवम्बर, रविवार को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्याम बाल मंडल द्वारा आयोजित महोत्सव में देशभर के कई नामी गिरामी भजन गायक अपने सुरों से श्याम प्रभु की आराधना करेंगे। उक्त जानकारी रविवार को सिद्ध गिरी बाग स्थित होटल में आयोजित बैठक के दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने दी। बैठक की अध्यक्षता विजय मोदी ने की। बैठक में कार्यक्रम संयोजक महेश चौधरी, आनंद स्वरूप अग्रवाल अंकित शर्मा एवं आकाश अग्रवाल, बनाए गए। श्याम बाल मंडल के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल डब्बू, मंत्री अमित शर्मा, मीडिया प्रभारी सुरेश तुलस्यान कोषाध्यक्ष पवन शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि 42वां श्याम महोत्सव लक्सा स्थित मारवाड़ी समाज भवन में 9 नवंबर रविवार को प्रातः9:00 बजे से प्रभु इच्छा तक मनाया जाएगा। आचार्य संजय हजारी द्वारा श्याम मनोहर लोहिया कौशल जालान के नेतृत्व में 501 भक्तों द्वारा 09 बजे से सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

### फ्लाइट का इमरजेंसी डोर खोलने की कोशिश

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री ने फ्लाइट का इमरजेंसी डोर खोलने की कोशिश की। मुंबई के लिए टेकऑफ से पहले एप्रन से रनवे की ओर जा रहे विमान में यात्री की हरकत देखकर अफरा-तफरी मच गई। क्रू मेंबर्स ने तुरंत ही पायलट को घटना की जानकारी दी, फिर ATC से संपर्क किया गया। विमान को वापस एप्रन पर लाया गया। यहां आरोपी को हिरासत में लिया गया। सभी यात्रियों को भी नीचे उतारकर विमान की जांच की गई। आरोपी युवक जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर का रहने वाला है। उसकी पहचान सुजीत सिंह के तौर पर हुई। पुलिस और खुफिया विभाग की टीमें उससे पूछताछ कर रही हैं। घटना सोमवार शाम की है। जांच के बाद विमान को रात 7.45 बजे उड़ान भरने की परमिशन दी गई।

## ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित होगी देव दीपावली



**● केदारघाट पर भी विराट आरती का आयोजन**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी के पौराणिक प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर गंगोत्री सेवा समिति ने इस बार देव दीपावली महोत्सव की पहलगाम हमले में शहीद नागरिकों और भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित किया है। गंगोत्री सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष पं0 किशोरी रमण दुबे बाबू महा-राज एवं समिति के सचिव पं0 दिनेश शंकर दुबे ने बताया कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर देश का मस्तक ऊंचा किया, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। इसी शौर्य को नमन करने के लिए हमने इस बार देव दीपावली को सेनानियों को समर्पित किया है। पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के संरक्षक पंडित कन्हैया त्रिपाठी, गंगेश्वरधर दुबे, शांतिलाल जैन, पवन शुक्ला, संकठा प्रसाद, रामबोध सिंह, संजय यादव सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। देव दीपावली के अवसर पर गंगोत्री सेवा समिति द्वारा काशी के पौराणिक केदार घाट पर पंडित संदीप कुमार दुबे के संयोजन में मां गंगा की भव्य और विराट आरती का आयोजन किया जाएगा।




### नगर आयुक्त ने देव दीपावली की तैयारियों का लिया जायजा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आगामी देव दीपावली पर्व (5 नवम्बर) को दृष्टिगत रखते हुए नगर आयुक्त श्री हिमांशु नागपाल द्वारा आज देर शाम शहर के विभिन्न मार्गों का आवश्यक निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने जेपी मेहता फुलवरिया फ्लाईओवर, लहरतारा से बी.एल.डब्लू मार्ग, तथा जेपी मेहता से अतुलानंद होते हुए एयरपोर्ट मार्ग का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मकबूल आलम रोड से चौकाघाट होते हुए नमो घाट तक सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी मार्गों पर चाक-चौबंद सफाई व्यवस्था की जाए।

### फिलहाल जेल में रहेंगी घूसखोर महिला इंस्पेक्टर और सिपाही



**वाराणसी।** वाराणसी में विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ने रिश्वतखोर इंस्पेक्टर और उसकी सहकर्मी सिपाही की मुश्किलें फिर बढ़ गई। निलंबन के बाद जेल में निरुद्ध दोनों पुलिसकर्मियों की जमानत याचिका खारिज हो गई। वकीलों की दलील और जमानत के प्रार्थना पत्र को निरस्त करते हुए बचाव पक्ष के साक्ष्य को अपर्याप्त माना। जज ने ऑर्डर में स्पष्ट किया कि घूस की रकम लेना लोकनीति के विपरीत है और यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने महिला इंस्पेक्टर सुमित्रा देवी और महिला आरक्षी अर्चना राय की न्यायिक हिरासत को बढ़ाते हुए जेल में रखने का आदेश दिया। जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध शासकीय अधिवक्ता प्रथमेश पांडे व कमलेश कुमार यादव ने किया।

## दीए जगमगाएंगे घाटों पर, रोशन होंगे कुम्हारों के घर

**● भटकते हुनरमंदों को मिल गया काम**


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रामनगरी में दीपोत्सव और अब काशी में देव दीपावली, इन दोनों भव्य आयोजनों को नया स्वरूप देकर योगी सरकार ने कुम्हारों की मिट्टी में मूल्य और सम्मान की चमक भर दी है। पहले जहां कुम्हार अपने हाथों के हुनर को साबित करने के लिए भटकते थे, वहीं आज उनके बनाए दीये पहले से आर्डर के साथ हाथों-हाथ बिक रहे हैं। योगी सरकार में यह बदलाव केवल रोशनी का नहीं, बल्कि कुम्हार के घरों में ढलते अंधेरे को दूर करने वाला है। देव दीपावली पर सरकार द्वारा 10 लाख और जन सहभागिता से लाखों दीपक जगमगाएंगे।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## जौनपुर समाचार

### मजदूर को ट्रैक्टर ने कुचला, मौके पर मौत



**जौनपुर।** मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में मजदूर राकेश कुमार मौर्य की मौत हो गई। कोतवाली थाना क्षेत्र के पानदरीबा चुंगी घाट पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया है, जबकि चालक फरार है।

यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई। 35 वर्षीय राकेश कुमार मौर्य सड़क किनारे बालू और सीमेंट का मसाला बना रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद स्थानीय लोग राकेश को तुरंत एक निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक राकेश कुमार मौर्य प्रेम राजपुर, थाना कोतवाली के निवासी थे। उनके पिता का नाम राजकुमार मौर्य है। राकेश अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में चार बेटियां हैं। सबसे छोटी बेटी विधु का 10 तारीख को पीजीआई में ऑपरेशन होना था।

## भदोही समाचार

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवती का शव, हाथ पर लिखा था आई लव यू

**मोढ़।** सुरियावां कोतवाली क्षेत्र के मलेपुर गांव के पास रेल लाइन पार करने के लिए बन रहे ओवरब्रिज के पास सोमवार को क्षत-विक्षत अवस्था में एक युवती का शव मिला। ट्रैक पर युवती का शव मिलने की सूचना के बाद पहुंची पुलिस उसकी शिनाख्त में जुट गई। देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। युवती के हाथ पर मेहंदी से आई लव यू लिखा था। मलेपुर गांव के पास सोमवार को सुबह कुछ लोग रेलवे ट्रैक की तरफ पहुंचे तो उन्हें वहां एक युवती का शव क्षत-विक्षत अवस्था मिला। युवती की उम्र करीब 25 से 26 साल के बीच बताई गई। उसका बाया पैर जांघ से कटकर अप रेलवे ट्रैक पर पड़ा था जबकि दाया हाथ डाउन ट्रैक के पास था। उसने कत्थई रंग की सलवार समीज पहन रखी थी। हाथ में मेहंदी लगी थी और मेहंदी से आई लव यू भी लिखा हुआ था।

## सुल्तानपुर समाचार

### विकसित होगा विजेथुआ धाम, कॉरिडोर बनाने का रास्ता साफ, पर्यटन को लगेंगे पंख



**सुल्तानपुर।** कादीपुर तहसील के विजेथुआ महावीरन धाम पर श्रद्धालुओं के आने से पर्यटन को पंख लगेंगे। भू-स्वामियों की सहमति के बाद धाम में कॉरिडोर बनाने का रास्ता तकरीबन साफ हो गया है। इसके लिए करीब 9.92 बीघा जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। डीएम के प्रस्ताव के बाद पर्यटन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रामायणकाल से जुड़े विजेथुआ धाम के प्रति लोगों की बड़ी आस्था है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने रामायणकाल से जुड़े विजेथुआ धाम में कॉरिडोर बनाने के लिए करीब तीन माह पहले आकलन कराया था। विधायकों समेत स्थानीय लोगों की अपेक्षाओं को देखते हुए इसका प्रस्ताव तैयार कराया गया था। इसमें मेला स्थल, यज्ञशाला का विस्तार करते हुए हनुमानजी, राम-जानकी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर व भीटा को आधुनिक रूप देने के लिए भूमि को चिह्नित कराया गया था। डीएम के निर्देश पर एसडीएम कादीपुर ने 16 गाटों की 9.92 बीघा जमीन चिह्नित की थी। अब इन गाटों के खातेदारों ने राजस्व विभाग को अपनी भूमि देने की सहमति भी दे दी है। चिह्नित सात खातों की पूरी भूमि अकृषक है। पर्यटन विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि रामायणकाल से जुड़े धार्मिक स्थल के प्रस्ताव को शासन ने गंभीरता से लिया है।

## सोनभद्र समाचार

### डॉक्टर ने कहा-सब कुछ ठीक ...और युवक की हो गई मौत, हंगामा

**सोनभद्र/घोरावल।** घोरावल कोतवाली क्षेत्र के दीवा गांव में रविवार की देर शाम सड़क हादसे में घायल सुनील गुप्ता (28) की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि घायल युवक को उपचार के नाम पर देर तक रोके रखा गया। सिर में गहरी चोट, लगातार रक्तस्राव के बाद भी उसे रेफर करने में हीलाहवाली की जाती रही। डॉक्टर कहते रहे कि सब ठीक है। इसके चलते लगभग चार घंटे बाद युवक की मौत हो गई। परिजनों के हंगामे पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया। सोमवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। दीवा निवासी सुनील गुप्ता (28) रविवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे खेत पर खाद छींटने गए थे। वह खेत के किनारे सड़क पर खड़े थे। इसी दौरान गुरेठ गांव की तरफ से आई बाइक ने टक्कर मार दी।

## मऊ समाचार

### बढ़ी फेफड़े से जुड़ी बीमारी, हर दिन आ रहे 150 से ज्यादा मरीज



**मऊ।** बदलते मौसम ने फेफड़े से जुड़ी बीमारी बढ़ गई है, कल्पनाथ राय मेडिकल कॉलेज में छाती रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में हर दिन 150 से ज्यादा मरीज आ रहे हैं। इसमें 40 से 50 मरीज सांस और अस्थमा से पीड़ित हैं। दिन में गर्मी और रात में ठंड बढ़ने से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

मेडिकल कॉलेज के चेस्ट विभाग की डॉ आसमां हबीब ने बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण हवा में धूल के कण और नमी बढ़ने से एलर्जी, खांसी, जुकाम और अस्थमा के मरीजों की शिकायतें आम हो गई हैं। प्रदूषण और धुआं भी इन बीमारियों को बढ़ा रहा है। वहीं चेस्टफिजिशियन डॉ. सुमित आर्य ने बताया कि यह समय खासतौर पर बुजुर्गों, बच्चों और दमा के मरीजों के लिए अधिक जोखिम भरा है, क्योंकि इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। ठंडी हवा और धूल-मिट्टी के कारण श्वास नली में सूजन हो जाती है, इससे सांस फूलना, सीने में जकड़न, खांसी और थकान जैसी शिकायतें बढ़ जाती हैं। उन्होंने मरीज को सलाह दी कि धूल और धुएं में वह मास्क का प्रयोग करें। सुबह-शाम ठंडी हवा में बाहर निकलने से बचें और गर्म पानी का सेवन करें। साथ ही यह भी बताया कि अस्थमा से पीड़ित लोग इनहेलर का नियमित उपयोग करें और धूल या धुएं वाले स्थानों से दूरी बनाए रखें।

## मीरजापुर समाचार

### उ0प्र0 राज्य महिला आयोग ने आंगनबाड़ी केंद्र शिवपुर, स्वयं सहायता समूह संकुल छानबे, टीएचआर एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



**मीरजापुर।** मा0 उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश श्रीमती अपर्णा यादव द्वारा मीरजापुर भ्रमण/निरीक्षण किया गया।

मा0 उपाध्यक्ष द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र शिवपुर, स्वयं सहायता समूह संकुल छानबे, टीएचआर एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छानबे का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र शिवपुर में मा0 उपाध्यक्ष द्वारा गोंद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया। उसके पश्चात केक काटकर कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया, जिसमें बच्चियों को उपहार आदि दिया गया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय छानबे मे मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बच्चों के साथ भोजन भी किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मा0 उपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए उनके समक्ष ताइक्वांडो का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात मा0 उपाध्यक्ष विकास खण्ड छानबे के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागो के अधिकारियों ने अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओ की मा0 उपाध्यक्ष को बिन्दुवार विस्तृत जानकारी दी। जिस पर मा0 उपाध्यक्ष द्वारा संतुश्टि व्यक्त करते हुए सराहना की गई। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान को मजबूत करने के लिए सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय के बाहर स्कूलों, कालेजों, आंगनबाड़ी केद्रों, स्वयं सहायता समूह केन्द्रों,थानो, सभी जगहा. पर शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए टोल फ्री नंबर यथा 1090, 112, 1098, 1076, 1930 ,102, 108, 181 इत्यादि का पोस्टर कार्यलय एवं संस्थान के बाहर चश्पा करने का निर्देश दिया गया, जिससे मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को बेहतर तरीके से लोगो को जानकारी प्रदान कर उन्हे जागरूक किया जा सकें।

## बलिया समाचार

### बाइक की टक्कर में पिता की मौत, पुत्र घायल

**बांसडीह।** क्षेत्र के मैरिटार चौराहे के समीप सोमवार को सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को सीएचसी बांसडीह पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायल पिता संजय प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुत्र रितिक की हालत गंभीर है। बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के कुसौरा निवासी संजय प्रसाद (50) अपने गांव से पुत्र रितिक (19) के साथ सिकंदरपुर में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। मैरिटार चौराहे से आगे उनकी बाइक बांसडीह कस्बे के वार्ड 14 निवासी सिंटू तिवारी की बाइक से टकरा गई। घटना के बाद पिता-पुत्र घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सिंटू को मामूली चोटें ही आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पिता-पुत्र को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया।

## गोरखपुर समाचार

### युवक ने साड़ी से फंदा बनाकर दी जानःपंखे से लटका मिला शव



**गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र स्थित घघसरा बाजार में सोमवार देर शाम एक नवविवाहित युवक का शव उसके कमरे में छत के पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने शव को कब्जे में लेकर मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है। युवक ने आत्महत्या क्यों की, यह सवाल फिलहाल एक रहस्य बना हुआ है।

पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

मृतक की पहचान पंकज सिंह (35) पुत्र जय सिंह, निवासी ग्राम धमईचा, जनपद संत कबीर नगर के रूप में हुई है। पंकज घघसरा के थरूआपार चौराहा पर मकान बनाकर रह रहा था। घटना की जानकारी तब हुई जब परिजनों या पड़ोसियों ने उसे कमरे में संदिग्ध अवस्था में देखा और पुलिस को सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंकज सिंह ने छत के पंखे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या की। यह घटना इसलिए भी दुखद है क्योंकि पंकज की शादी मात्र कुछ महीने पहले ही हुई थी। उसकी शादी इसी वर्ष 20 फरवरी 2025 को सिंघोरवा निवासी काजल से हुई थी। बताया जा रहा है कि पंकज सिंह पहले दिल्ली में काम करता था, लेकिन कुछ समय पहले वह नौकरी छोड़कर गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में काम करने लगा था। काम के बदलाव, निजी जीवन में किसी तरह की परेशानी या अन्य किसी कारण से युवक ने इतना बड़ा कदम उठाया, पुलिस इन सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस के साथ-साथ उच्चाधिकारी भी तत्काल मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही घघसरा चौकी प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह, एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सीओ गीडा कमलेश कुमार सिंह और थाना प्रभारी महेश कुमार चौबे भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## चंदौली समाचार

### 11 हजार दीपों से जगमग होगा मानसरोवर तालाब

**चंदौली।** देव देवापली पर गंगा और सरोवर तट हजारों दीपक की रोशनी से जगमग होंगे। कहीं पांच तो कहीं दस हजार दीपक जलाए जाएंगे। पीडीडीयू नगर में मानसरोवर तालाब पर 11 हजार दीपक जलाए जांएगे। वहीं पश्चिम वाहिनी बलुआ गंगा घाट पर दीप दान के बाद भव्य आतिशबाजी की जाएगी। आतिशबाजी से आसमान रंगीन होगा। इसकी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। वाराणसी से सटे चंदौली में देव दीपावली पर सरोवर तटों पर दीपदान किया जाता है। इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर दीपदान का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी में पूजा समितियां जुटी है। पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर में मानसरोवर तालाब में 11 हजार दीपक जलाए जाएंगे। इस दौरान आतिशबाजी भी की जाएगी। इसको लेकर सूर्य देव मंदिर छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों की बैठक में इसकी योजना बनाई गई।

## प्रयागराज समाचार

### फंदे पर लटकता मिला बीफार्मा का छात्र



**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के रोकड़ी गांव में रविवार की आधी रात बी फार्मा के छात्र ने अज्ञात कारणों से फंदे से लटक कर जान दे दी। सोमवार सुबह घरवाले उसे जगाने पहुंचे तो वह फंदे से लटक रहा था। मामले की सूचना पर पहुंची करछना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी 22 वर्षीय राजीव तिवारी पुत्र स्व रामायण तिवारी रविवार की आधी रात कमरे के अंदर रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। सोमवार सुबह परिजन उसे जगाने गए तो देखा कि वह फंदे से लटक रहा है। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह नैनी के किसी स्कूल से बीफार्मा का कोर्स कर रहा था। नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर को गंगा स्नान करके लौट रहे उसके पिता रामायण तिवारी को कौवा बाजार के पास तेज रफ्तार डंपर ने रौद दिया था, इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।


## देवरिया समाचार

### मासूम बेटी के साथ ट्रेन से कटने जा रही महिला की युवक ने बचाई जान

**गौरी बाजार, बखरा।** गौरी बाजार रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे केबिन के पास सोमवार की सुबह पांच वर्षीय बेटी के साथ ट्रेन से कटकर जान देने के लिए घूम रही एक महिला को युवक ने बचा लिया। समझाने के बाद महिला अपने परिजनों के साथ घर लौट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रुद्रपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 30 वर्षीय महिला सोमवार की सुबह करीब नौ बजे मासूम बेटी के साथ ई-रिक्शा से गौरी बाजार कस्बा स्थित पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग के पास उतरी। बाद में नगरौली गांव के पास सूनसान स्थान पर रेल लाइन के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में टहलती देखी गई। इस दौरान अप ट्रैक पर वाराणसी से गोरखपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस आते देख कर वह बेटी को गोद में लेकर रेलवे ट्रैक पर सो गई।

## आजमगढ़ समाचार

### सोते समय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या



**आजमगढ़।** जिले के तहबरपुर थाना क्षेत्र के बसही जरमेजरपुर गांव में सोमवार की देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब घर के बरामदे में सो रहे एक व्यक्ति की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक रामजीत (50) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने मौके का निरीक्षण किया। साथ ही परिजनों को सांत्वना व गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। जानकारी मुताबिक रात करीब तीन बजे कुछ अज्ञात लोग घर में घुस गए और सो रहे रामजीत पर गोली चला दी। परिजन घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर तहबरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके कुछ ही देर बाद एसपी डॉ. अनिल कुमार फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बारीकी से जांच की। एसपी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की और हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि मृतक रामजीत की कोई संतान नहीं थी और वह अपने भाइयों के परिवार के साथ रहता था। घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले की हर पहलू से जांच के लिए कई टीमें गठित कर दी हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं।

## गाजीपुर समाचार


### गंगा में नहा रहे युवक की डूबकर मौत, बड़े भाई को दोस्तों ने बचाया



**मौधा।** सैदपुर कोतवाली क्षेत्र के औड़िहार स्थित बराहरूप आदित्य बिरला घाट पर सोमवार को नहाते समय पवन राजभर (19) की डूबकर मौत हो गई। इधर छोटे भाई को बचाने गया बड़ा भाई भी गहरे पानी में जाने से डूबने लगा, लेकिन दोस्तों ने बचा लिया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने पवन का शव पानी से बाहर निकाला। दरवरपुर गांव निवासी नंदलाल राजभर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छोटा बेटा पवन राजभर सुबह अपने चचेरे भाई को औड़िहार स्टेशन से लेने गया था। स्टेशन पर काफी समय पहले ही पहुंचने पर पवन गंगा स्नान करने बराहरूप आदित्य बिरला घाट चला गया। वहां पहले से बड़ा पुत्र नीतिश अपने दोस्त सुनील, मुकेश, राजन व अनिल के साथ गंगा में स्नान कर रहा था। बड़ा पुत्र नीतिश और उसके दोस्त गंगा से नहाकर बाहर निकल गए। इसी बीच नहा रहा छोटा पुत्र पवन राजभर गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। यह देखकर बड़ा पुत्र नीतिश ने पवन को बचाने का प्रयास करने में डूबने लगा।

## लाइफ मंत्र

### गुरु नानक देव जी की जयंती पर पढ़ें उनका दिया प्रेम संदेश



गुरु नानक साहिब का जीवन केवल ऐतिहासिक ज्ञान-अर्जन का नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण और प्रगति का विषय है। उनके उपदेशों में एक विशेष प्रकार का सार्वभौमिक दृष्टिकोण छिपा हुआ है, जो न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रगति की दिशा देता है, बल्कि समाज को भी नए मानवीय दृष्टिकोण से जोड़ता है। विशेष रूप से कलियुग में, जब मानवता का सबसे बड़ा संकट आत्मिक शांति और सुख की प्राप्ति है, गुरु नानक साहिब का जीवन हमारे लिए एक अमूल्य धरोहर है। सुख की खोज हर मानव का स्वाभाविक लक्ष्य है, लेकिन यह सुख न तो भौतिक वस्तुओं में निहित है, न ही किसी सामाजिक स्थिति या सत्ता में। गुरु नानक साहिब का जीवन इसी सत्य का उद्घाटन करता है कि असली सुख आत्मिक प्रफुल्लता में है, जिसे वे अपने प्रत्येक अनुयायी तक पहुंचाना चाहते थे।

जन्म के समय ही दाई दौलतां ने गुरु नानक साहिब का प्रथम दर्शन किया और उसकी आत्मा में एक अजीब-सा आनंद उत्पन्न हुआ।

यह घटना गुरु नानक साहिब के जीवन के पहले पल से ही यह स्पष्ट कर देती है कि उनका जीवन सामान्य नहीं था। उनकी दृष्टि में ऐसा अद्वितीय आकर्षण था, जो सभी को प्रभावित करता था। गुरु नानक साहिब ने हमेशा हर व्यक्ति के भीतर आत्मिक जागरण का संवेदनशील बोध कराया, और उनका जीवन समदृष्टि का प्रतीक बना, जिसमें जाति, धर्म, रंग, वर्ग आदि कोई भेदभाव नहीं थे। उनका कहना था कि सच्चा धर्म वही है, जो मनुष्य को परमात्मा से जोड़ने का कार्य करे।

उन्होंने स्वयं को कभी किसी विशेष पूजा-पाठ या कर्मकांड से नहीं जोड़ा, बल्कि सच्चे कर्म का मतलब बताया, जो परमात्मा की सेवा और प्रेम में निहित है। उदाहरण स्वरूप, जब गुरु नानक साहिब ने भाई मरदाना को अपना साथी चुना, तो यह उनकी समदृष्टि का प्रतीक था, क्योंकि मरदाना मुस्लिम थे। उनके लिए सबका एक ही स्थान था-परमात्मा के पास। गुरु नानक साहिब ने जब यह कहा कि 'साच वखर के हम वणजारे' तो इसका मतलब था कि उनका मिशन केवल सत्य का प्रचार करना था। सत्य न केवल शब्दों में, बल्कि जीवन के प्रत्येक पहलू में झलकता है। उन्होंने परमात्मा को निराकार और एकमात्र सच्चा कर्ता माना। उनका यह संदेश था कि मनुष्य को अपने जीवन को सत्य और कर्म के आधार पर जीना चाहिए।


गुरु नानक साहिब के उपदेशों में सत्य के प्रति उनका गहरा प्रेम था। वह कहते हैं कि 'आदि सचु जुगादि सचु। है भी सचु, नानक होसी भी सचु?' अर्थात सत्य वही है, जो प्रारंभ से लेकर अंत तक अस्तित्व में है। इस सत्य की पहचान करना ही मनुष्य का मुख्य उद्देश्य है। गुरु साहिब ने यह स्पष्ट किया कि मनुष्य का परमात्मा से संबंध उसी तरह है, जैसे संतान का पिता से। जीवन में संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त करने के लिए यही सबसे सही मार्ग है।

गुरु नानक साहिब ने मानवता के भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में कई कदम उठाए। उन्होंने कहा कि कर्म ही मनुष्य का सही मापदंड है, न कि जाति, धर्म या वंश।

'जो तुझु भावै साई भली कार' यह उक्ति गुरु साहिब के जीवन का आधार थी, जिसमें उन्होंने यह स्पष्ट किया कि असली धर्म वही है जो परमात्मा को संतुष्ट करता है। उनके लिए परमात्मा की भक्ति और प्रेम ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य था। गुरु नानक साहिब ने समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए समानता का संदेश दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, अंधविश्वास और कर्मकांड के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। उनके अनुसार, परमात्मा के दृष्टिकोण से कोई भी जीव भेदभाव का पात्र नहीं है। सभी जीव एक जैसे हैं और सभी को परमात्मा ने समान रूप से रचा है।

गुरु नानक साहिब की शिक्षाओं ने भारतीय समाज में गहरे परिवर्तन की शुरुआत की। उन्होंने समाज को प्रेम, दया, करुणा और समर्पण का पाठ पढ़ाया। उनके विचार आज भी हमारे जीवन को दिशा देने में मदद करते हैं। गुरु साहिब का यह अद्वितीय दृष्टिकोण बताता है कि कोई भी धर्म, कोई भी पूजा और कोई भी कर्म अगर सच्चे प्रेम और समर्पण से जुड़ा हो, तो वही सर्वोत्तम होता है। गुरु नानक साहिब के दर्शन ने समग्र समाज को एक नया दृष्टिकोण दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रेम-पंथ आज भी समस्त मानवता को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। गुरु नानक साहिब ने हर व्यक्ति से प्रेम का संदेश दिया। आज जब दुनिया में भेदभाव और नफरत का माहौल है, गुरु नानक साहिब का प्रेम-पंथ विश्व को एकता और शांति की ओर अग्रसर कर सकता है।

# PF बैलेंस चेक करना अब और आसान, DigiLocker या SMS से मिलेगी पूरी जानकारी



कर्मचारी अब DigiLocker ऐप के माध्यम से अपने मोबाइल से PF बैलेंस, UAN कार्ड और अन्य दस्तावेज आसानी से चेक कर सकते हैं क्योंकि EPFO सेवाओं को डिजिटल कर रहा है। यह नई सरकारी सुविधा पीएफ संबंधी जानकारी तक पहुंच को सरल बनाती है और बिना इंटरनेट के भी SMS के जरिए बैलेंस चेक किया जा सकता है। आए दिन सरकार वर्कर्स को तमाम सुविधाएं देने के लिए काम कर रही है। इस बीच, कर्मचारियों को बेहतर सुविधा देने के लिए सरकार लगातार EPFO यानी Employees' Provident Fund Organisation संबंधित सर्विसेज को डिजिटल करने में लगा है। अब अपने मोबाइल की मदद से PF बैलेंस को चेक कर सकते हैं। ईपीएफओ मेंबर अपने PF अकाउंट से जुड़े खास डॉक्यूमेंट्स DigiLocker ऐप के जरिए सीधे देख सकते हैं। इसके अलावा, आप इस आप से ही पीएफ बैलेंस चेक कर सकते हैं। इतना ही नहीं, अब आप UAN कार्ड, पेंशन पेमेंट ऑर्डर (PPO) और पीएफ सर्टिफिकेट जैसे दस्तावेज भी देख और डाउनलोड कर सकते हैं। पहले ये तमाम सुविधाएं UMANG ऐप पर मौजूद थी, अब यह सुविधाएं DigiLocker ऐप के जरिए भी मेंबर्स अपने अकाउंट की डिटेल्स आसानी से देख पाएंगे। अब आपको बताते हैं कैसे आप डिजिलॉकर ऐप से PF बैलेंस चेक कर सकते हैं।

**DigiLocker ऐप से PF बैलेंस कैसे चेक करें?**

- इसके लिए अपने स्मार्टफोन में DigiLocker ऐप डाउनलोड और इंस्टॉल करें।
- यदि आप इस ऐप को पहली बार यूज कर रहे हैं, तो रजिस्ट्रेशन करें और अकाउंट लॉगिन कर सकते हैं।
- अब आप लॉगिन प्रोसेस के बाद आपको अपने EPFO अकाउंट को DigiLocker से लिंक करना है।
- जब लिंक हो जाए तो अपने आधार कार्ड की डिटेल डालें।
- इसके बाद ही आपका पीएफ अकाउंट डिजीलॉकर से लिंक हो जाएगा।
- लिंकिंग प्रोसेस के बाद यूजर्स EPFO सेक्शन में जाएं और अपना UAN कार्ड, PPO और पीएफ पासबुक जैसे डॉक्युमेंट चेक कर सकते हैं।
- इस ऐप में यूजर्स लेटेस्ट पीएफ बैलेंस और ट्रांजैक्शन डिटेल्स चेक कर पाएंगे।

**बिना इंटरनेट के कैसे चेक करें PF बैलेंस**

इसके लिए आपको अपने पीएफ अकाउंट का बैलेंस मिस कॉल या एसएमएस के जरिए चेक कर सकते हैं। SMS से बैलेंस चेक करने के लिए अपने UAN से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से एक मैसेज सेंड करें। मैसेज में अब टाइप करें EPFOHO और इसे 7738299899 पर भेज दें। कुछ ही देर में आपको अपने पीएफ अकाउंट की डिटेल SMS के जरिए मिल जाएगी।




# Galaxy Z Flip 7 vs Z Fold 7: क्या फ्लिप फोन रोजमर्रा के यूज में भी देता है उतना ही हाई-एंड एक्सपीरियंस

Samsung के फ्लिप और फोल्ड स्मार्टफोन का मार्केट पिछले कुछ सालों में काफी तेजी से बदल चुका है। Galaxy Z Fold 7 और Galaxy Z Flip 7 दोनों ही फोन अपनी-अपनी जगह पर प्रीमियम सेगमेंट के सबसे हाई-एंड डिवाइस माने जाते हैं। लेकिन क्या Galaxy Z Flip 7, Z Fold 7 जितना ही बड़ा अपग्रेड है? हमने इसे इस्तेमाल किया और आपका निर्णय आसान बनाने के लिए पूरा एक्सपीरियंस साझा कर रहे हैं।

**Galaxy Z Flip 7 का सबसे बड़ा अपडेट इसका 4.1 इंच का कवर डिस्प्ले है। अब आपको बार-बार फोन खोलने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि नोटिफिकेशन, कॉल, म्यूजिक कंट्रोल और अन्य छोटी-छोटी गतिविधियों के लिए यह डिस्प्ले काफी काम आता है। यह नया डिस्प्ले पुराने फ्लिप फोन की तुलना में ज्यादा इंटरेक्टिव और यूजर फ्रेंडली है।**

**Galaxy Z Flip 7 के सबसे बड़े अपडेट: 4.1 इंच कवर डिस्प्ले**

Galaxy Z Flip 7 का सबसे बड़ा अपडेट इसका 4.1 इंच का कवर डिस्प्ले है। अब आपको बार-बार फोन खोलने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि नोटिफिकेशन, कॉल, म्यूजिक कंट्रोल और अन्य छोटी-छोटी गतिविधियों के लिए यह डिस्प्ले काफी काम आता है। यह नया डिस्प्ले पुराने फ्लिप फोन की तुलना में ज्यादा इंटरेक्टिव और यूजर फ्रेंडली है।

**परफॉर्मेंस: Exynos 2500 प्रोसेसर**

फोन में मौजूद Exynos 2500 प्रोसेसर डे-टू-डे यूज में स्मूद परफॉर्मेंस देता है। चाहे सोशल मीडिया, वीडियो स्ट्रीमिंग या मल्टीटास्किंग हो, Galaxy Z Flip 7 कहीं भी लैग या हिचकिचाहट नहीं दिखाता। एंड्रॉयड 16 पर आधारित OneUI 8 का इंटरफेस भी काफी रिस्पॉन्सिव और यूजर फ्रेंडली है।

**कैमरा एक्सपीरियंस: दिन या रात, दोनों में शानदार**

Galaxy Z Flip 7 का 50MP + 12MP ड्यूल रियर कैमरा और 10MP फ्रंट कैमरा दिन की रौशनी में और कम रोशनी में शानदार तस्वीरें खींचते हैं। कैमरा फीचर्स जैसे पोर्ट्रेट मोड, नाइट मोड और सेल्फी कैमरा में स्मूद कलर ट्रांसिशन इसे प्रीमियम अनुभव देते हैं।

**बैटरी और चार्जिंग**

4300mAh की बैटरी मीडियम यूसेज पर एक दिन का बैकअप आसानी से देती है। 25W वायर्ड चार्जिंग और 15W वायरलेस चार्जिंग की सुविधा के साथ बैटरी जल्दी रिचार्ज हो जाती है। इसका मतलब है कि आपको पूरे दिन के लिए पावर की चिंता करने की जरूरत नहीं।

**Galaxy Z Flip 7 के प्रमुख स्पेसिफिकेशंस**

| स्पेसिफिकेशन | विवरण |
|---|---|
| डिस्प्ले | इनर: 6.9 इंच, कवर: 4.1 इंच |
| ओएस/चिपसेट | एंड्रॉयड 16 पर आधारित OneUI 8 / Exynos 2500 (3 nm) |
| कैमरा | 50MP+12MP / फ्रंट: 10MP |
| बैटरी | 4300mAh + 25W वायर्ड चार्जिंग, 15W वायरलेस चार्जिंग |
| कीमत | 256GB+12GB: 1,09,999 रुपये / 512GB+12GB: 1,21,999 रुपये |

**अनबॉक्सिंग और हैंड फील**

Samsung की तरह Galaxy Z Flip 7 की अनबॉक्सिंग बेसिक है। बॉक्स में केवल फोन और चार्जिंग केबल मिलता है। लेकिन फोन को पहली बार फोल्ड करते ही इसकी प्रीमियमनेस का एहसास होता है।

पिछली जनरेशन के फ्लिप फोन की तुलना में यह फोन काफी स्लिम और स्टाइलिश फील देता है। हमारे पास ब्लू शैडो कलर वेरिएंट था, जो Z Fold 7 के समय से ही हमारा फेवरेट बन चुका था। इस कलर की खासियत यह है कि यह सिर्फ देखकर ही पहचान जाता है कि आप लेटेस्ट फ्लिप फोन इस्तेमाल कर रहे हैं। चूंकि अभी भी फ्लिप या फोल्ड फोन बहुत कॉमन नहीं हैं, इस वजह से भीड़ में लोग इसे देखकर आकर्षित होते हैं। कुल मिलाकर, जितना आप इसके लिए खर्च करेंगे, यह प्रीमियमनेस और स्टाइल के मामले में अपने पैसे की पूरी कीमत देता है। अगर आप स्लिम बॉडी में प्रीमियम लुक वाला फ्लिप फोन चाहते हैं, तो Galaxy Z Flip 7 बेस्ट ऑप्शन है। Z Fold 7 की तरह यह फोन भी हाई-एंड फीचर्स देता है, लेकिन जो लोग फ्लिप डिजाइन पसंद करते हैं, उनके लिए Z Flip 7 एक स्मार्ट और स्टाइलिश चॉइस है। Galaxy Z Flip 7रोजमर्रा के यूज में स्मूद परफॉर्मेंस, शानदार कैमरा और प्रीमियम लुक के साथ आपके फ्लिप फोन अनुभव को बिल्कुल नए लेवल पर ले जाता है।

# अब Gmail में ईमेल शेड्यूल करना सीखें, जानिए स्टेप-बाय-स्टेप तरीका




जीमेल का 'शेड्यूल सेंड' फीचर अब देर रात या अलग टाइम जोन में ईमेल भेजने की चिंता खत्म करता है। यह आपको अपनी सुविधानुसार ई-मेल को ऑटोमैटिकली भेजने की सुविधा देता है, जिससे आपका काम प्रोफेशनल और व्यवस्थित बनता है। अक्सर होता है कि हम रात के समय ईमेल टाइप करते हैं, लेकिन लेट नाइट के चलते मेल को सेंड नहीं कर पाते। जिसके बाद मेल ध्यान में नहीं रहता। या फिर किसी दूसरी टाइम जोन वाले को सही टाइम पर मेल भेजना होता है। ऐसे में उर्स्मि्त का एम्प्ल्त एाह् फीचर काफी काम आता है। इससे आप ईमेल को अपने मनचाहे डेट और टाइम पर ऑटोमैटिक भेज सकते हैं। ये फीचर काम को आसान और प्रोफेशनल बना देता है। यह फीचर आपको तय करने देता कि आपका ईमेल किसी के इनबॉक्स में कब पहुंचे, वो भी बिना उस समय आपके ऑनलाइन हुए। शेड्यूलिंग एक छोटा -सा जीमने का फीचर है जो कम्युनिकेशन को थोड़ा स्मूद और काफी ऑर्गनाइज्ड बना देता है। यदि आप अगली बार देर रात ईमेल पूरा कर लें, तो इसे भेजने में हिचकिचाएं नहीं, बस कल सुबह के लिए शेड्यूल कर दें। आइए आपको बताते हैं ईमेल को कैसे शेड्यूल करें।

**फोन से ईमेल शेड्यूल कर रहे हैं, तो इस तरह से करें**

- सबसे पहले आप Gmail ऐप खोलें और Compose आइकन पर टैप करें।
- इसके बाद अपना ईमेल टाइप करें और रिसीपिएंट ऐड करें।
- अब आपको टॉप-राइट कॉर्नर पर तीन डॉट पर टैप करना हैं।
- Schedule send चुनें और डेट और टाइम सेलेक्ट करें।
- इसके बाद Gmail सब कुछ खुद हैंडल करेगा, चाहे आपका फोन ऑफ हो या आप उस टाइम ऑफलाइन हों।

**कंप्यूटर पर Gmail यूज़ करते हैं, तो ये स्टेप्स फॉलो करें**

- इसके लिए Gmail ओपन करें और नया ईमेल भेजने के लिए Compose पर क्लिक करें।
- अब अपना मैसेज लिखें, रिसीपिएंट और सब्जेक्ट लाइन ऐड करें।
- इसके बाद Send पर क्लिक करने की जगह, Send बटन के पास नीचे वाले एरो पर टैप करें।
- अब Schedule send चुनें।
- इसके बाद Gmail आपको कुछ क्विक सजेशन्स दिखाएगा जैसे 'Tomorrow morning' या 'Monday 8 AM.' चाहें तो आप कस्टम डेट और टाइम भी चुन सकते हैं।
- अब आपको ईमेल लेफ्ट साइडबार में 'Scheduled' फोल्डर में सेव हो जाएगा और चुने हुए टाइम पर अपने आप भेज दिया जाएगा।

इसके अलावा, अगर आपका प्लान बदल गया है, तो कोई टेंशन नही लेना। आपको Gmail में Schedule फोल्डर में जाएं, ईमेल ओपन करें और Cancel send पर क्लिक करें। फिर ये ईमेल Drafts में वापस चला जाएगा। बाद में आप इसे एडिट या दोबारा शेड्यूल कर सकते हैं।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड 2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762



मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170